**प्रेषक,**

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
गोरखपुर।

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / गोरखपुर पर्यवेक्षण / 2019—20 / 1030 दिनांकः 11-3-2020

**विषयः— राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 29—31 जनवरी 2020 तक जनपद गोरखपुर में किये गये स्थलीय पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2018—19 / 18 / 7999—2 दिनांक—20.12.2019) राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 29 जनवरी से 31 जनवरी 2020 तक जनपद गोरखपुर का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद के स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के कम में आपसे अपेक्षा है कि संबंधित बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुये अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर मिशन निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।**

**भवदीय**

**(विजय विश्वास पन्त)**
मिशन निदेशक

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / गोरखपुर पर्यवेक्षण / 2019—20 / तद्दिनांकः

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित—

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
4. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, गोरखपुर मण्डल।
6. वित्त नियंत्रक, समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
7. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, गोरखपुर मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, गोरखपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(डा0 अश्वनी कुमार)**
महाप्रबन्धक—राष्ट्रीय कार्यक्रम

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
गोरखपुर।

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./गोरखपुर पर्यवेक्षण/2019–20/ दिनांकः 11.3.2020

**विषयः– राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 29–31 जनवरी 2020 तक जनपद गोरखपुर में किये गये स्थलीय पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2018–19/18/7999–2 दिनांक–20.12.2019) राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 29 जनवरी से 31 जनवरी 2020 तक जनपद गोरखपुर का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद के स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि संबंधित बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुये अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर मिशन निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।**

**भवदीय**

**(विजय विश्वास पन्त)**
मिशन निदेशक

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./गोरखपुर पर्यवेक्षण/2019–20/ 10130-8 तद्दिनांकः

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
4. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, गोरखपुर मण्डल।
6. वित्त नियंत्रक, समस्त महाप्रबन्धक/अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
7. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, गोरखपुर मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, गोरखपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(डा0 अश्वनी कुमार)**
महाप्रबन्धक–राष्ट्रीय कार्यक्रम

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या जनपद–गोरखपुर
## भ्रमण तिथि– 29 से 31 जनवरी 2020

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2018–19/18/7999–2 दिनांक–20.12.2019) राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 29 जनवरी से 31 जनवरी 2020 तक जनपद गोरखपुर का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

### राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–

1. **डा0 अश्वनी कुमार, महाप्रबन्धक, राष्टीय कार्यक्रम, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।**
2. **श्री अभिषेक सोनी, परामर्शदाता–नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।**
3. **श्री पुरन्जय प्रताप सिंह, कार्यकम समन्वयक–एम0 एण्ड ई0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।**

### दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां/गतिविधियां–

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–सहजनवा, जनपद–गोरखपुर।
2. ई–नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसन्तपुर।
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–खोराबार।
4. स्वास्थ्य उपकेन्द्र– बेलवार।।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहजनवां –

दिनांक 29 जनवरी 2020 को राज्य स्तरीय दल द्वारा चिकित्सा अधीक्षक एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहजनवां का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 2 | एम्बुलेंस के निरीक्षण में प्रकाश में आया कि औषधियों को नियमानुसार नहीं रखा जा रहा है। | नियमित रूप से एम्बुलेंस का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 3 | सहयोगात्मक प्र्यवेक्षण हेतु वाहन उपलब्ध है तथा लॉग बुक भी भरी जा रही है किन्तु वाहन पर नम्बर प्लेट नहीं पायी गयी। आर0बी0एस0के0 वाहन पर स्टीकर एवं बैनर नहीं पाया गया। | दिशा–निर्देशानुसार व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | कोल्ड चेन में स्थित डीप फ्रीजर में ब्रिक मॉडल में बाक्स व्यवस्थित नहीं किये जा रहे हैं। | दिशा–निर्देशानुसार व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 5 | प्रसव उपरान्त महिलाओं के चिकित्सालय में न रूकने के कारण नवजात बच्चे को जीरो डोज देने में समस्या आ रही है। | समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 6 | आर0के0एस0 रजिस्टर दिशा निर्देशों के अनुसार व्यवस्थित नहीं किया जा रहा हैं | मीटिंग रजिस्टर को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |

**<u>ई–नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसन्तपुर–</u>**

दिनांक 30 जनवरी 2020 को राज्य स्तरीय दल द्वारा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला अर्बन कोआर्डिनेटर के साथ ई–नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसन्तपुर का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं–

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | यू0पी0एच0सी0 को हैल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के रूप में विकसित किया गया है। केन्द्र पर कुल 15 मानव संसाधन की नियुक्ति की गयी है | मानव संसाधन का समुचित उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। | **नोडल अधिकारी–एन0यू0एच0एम0** |
| 2 | रिकार्ड कीपिंग एवं दस्तावेजो का रख–रखाव अच्छा पाया गया। | आर0के0एस0 के फण्ड से छोटी–छोटी आवश्यकतायें पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। | **जनपदीय अर्बन कोआर्डिनेटर** |
| 3 | आई0ई0सी0 हेतु टी0वी0 उपलब्ध है किन्तु चलाने के लिये आई0ई0सी0 सामग्री उपलब्ध नहीं है। | आई0ई0सी0 सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। | **नोडल अधिकारी–एन0यू0एच0एम0** |
| 4 | परिवार नियोजन से सम्बन्धित परामर्श एवं सामग्री को उपलब्ध कराया जा रहा था। किन्तु कण्डोम बाक्स में सामग्री उपलब्ध नहीं थी। | परिवार नियोजन पर अधिक कार्य करने की अपेक्षा की गयी। | **जनपदीय अर्बन कोआर्डिनेटर** |

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–खोराबार–

दिनांक 30 जनवरी 2020 को राज्य स्तरीय दल द्वारा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, श्री पंकज आनन्द के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खोराबार का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी भी उपस्थित थे। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय को कायाकल्प योजना के अर्न्तगत चयन किया गया है। | सुधारात्मक कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 2 | प्रसव उपरान्त महिलाओं के चिकित्सालय में न रूकने के कारण नवजात बच्चे को जीरो डोज देने में समस्या आ रही है। | समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 3 | रोगी कल्याण समिति (आर0के0एस0) का नवीनीकरण हो गया है किन्तु रजिस्टर मानकानुसार नहीं भरा जा रहा है। | रजिस्टर को व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 4 | एच0आर0पी0 का चिन्हीकरण किया जा रहा है किन्तु इनका पृथक रूप से रजिस्टर नहीं बनाया गया है। | एच0आर0पी0 चिन्हीकरण का रजिस्टर मानकानुसार बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 5 | डाइट रजिस्टर मानकानुरूप नहीं बनाया गया है और न ही रसोई घर/वार्ड में मैन्यू चार्ट उपलब्ध कराया गया है। | मानकानुसार समस्त व्यवस्थायें करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |

## अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–बेलवार–

दिनांक 30 जनवरी 2020 को राज्य स्तरीय दल द्वारा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, श्री पंकज आनन्द के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खोराबार का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | ए0पी0एच0सी0 को हैल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के रूप में विकसित किया गया है, जिससे वाहय रूप से स्वास्थ्य इकाई का स्वरूप अच्छा प्रतीत हो रहा था, किन्तु आन्तरिक व्यवस्था मानकानुरूप नहीं पायी गयी। | मानकानुसार आंतरिक साज सज्जा एवं सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 2 | प्रसव कक्ष में व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी | एम0एन0एच0 टूलकिट के | **चिकित्साधीक्षक/** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | गयी। प्रोटोकाल मानकानुसार नहीं पाये गये। कैलिस पैड एवं डिलीवरी टेबिल मानकानुसार नहीं पाये गये। | अनुसार समस्त व्यवस्थायें मानकानुसार करने हेतु निर्देशित किया गया। | **ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 3 | ए0पी0एच0सी0 में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबन्धन की उचित व्यवस्था नहीं पायी गयी। | शीघ्रातिशीघ्र मानकापुरूप व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 4 | हैल्थ एण्ड वैलनेस सेण्टर के दिशा निर्देशों के अनुसार हैल्प डैस्क नहीं बनायी गयी है। | शीघ्रातिशीघ्र हैल्प डैस्क व्यवस्थित कराने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 5 | एच0आर0पी0 का चिन्हीकरण नहीं किया जा रहा है तथा पृथक रूप से रजिस्टर भी नहीं बनाया गया है। | एच0आर0पी0 चिन्हीकरण करने एवं रजिस्टर मानकानुसार बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |

**अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ समीक्षा बैठक–**

दिनांक 31 जनवरी 2020 को राज्य स्तरीय दल द्वारा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, गोरखपुर की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अन्य अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य कार्यक्रमों के नोड़ल अधिकारियों तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में निम्न निर्देश दिये गये–

1. समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह समीक्षा के साथ–साथ कार्यक्रमों से संबंधित अभिमुखीकरण करना भी सुनिश्चित करें।
2. निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह स्थलीय पर्यवेक्षण करते हुये आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य रिकार्ड को सही तरीके से अपडेट तथा व्यवस्थित करना सुनिश्चित करें। विभिन्न पोर्टल पर अपडेशन ससमय करें।
3. रोगी कल्याण समिति (आर0के0एस0) रजिस्टर सही तरीके से भरे जाये तथा उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।
4. राज्य स्तर से कार्यक्रमों / गतिविधियों हेतु आवंटित बजट का उपयोग नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ निर्धारित एफ0एम0आर0 कोड में बुकिंग भी सुनिश्चित करें।
5. प्राथमिक / सामुदायिक / स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर लेबर रूम मानकानुसार व्यवस्थित करायें।
6. जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत डाय्रट रजिस्टर तथा मैन्यू समस्त इकाईयों पर उपलब्ध / प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
7. चिकित्सालयों में सिटीजन चार्टर मानकानुसार प्रदर्शित कराये जायें तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के चार्ट में कक्ष संख्या भी प्रदर्शित की जाये।

8. यू0पी0 हैल्थ डैशबोर्ड के आधार पर मासिक समीक्षा जिला कार्यकम प्रबंधक द्वारा डी0पी0एम0यू0 स्तर पर तथा ब्लॉक कार्यकम प्रबंधक द्वारा डी0पी0एम0यू0 स्तर पर करके उसकी आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रस्तुत की जाये। आख्या के आधार पर एक्शन प्लान एवं अनुपालन आख्या भी तैयार की जाये।
9. मण्डल, जनपद तथा ब्लाक स्तर पर निर्धारित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को सम्पादित किया जाये तथा भ्रमण आख्या को डिस्ट्रिक्ट अपलोड फैसीलिटी पर अपलोड कराया जायें। साथ ही साथ भ्रमण की चेकलिस्ट को आर0एम0एन0सी0एच0+ए0 पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

**(पुरन्जय प्रताप सिंह)**
कार्यकम समन्वयक (एम0 एण्ड ई0)

**(अभिषेक सोनी)**
परामर्शदाता (नियोजन)

**(डा0 अश्वनी कुमार)**
महाप्रबंधक (राष्ट्रीय कार्यक्रम)